आनँद-विवर्धक द्वितीय पात्र श्रेष्ठ कहँ, वन्दन करत अब भक्ति-भाव भरि कै।।

उग्र कहावहु उग्र न रञ्च, दुखीन दरिद्रन को अति प्यारी।
पङ्कज नील व भीम कृपाण, गहे कर माँहि करौ रखवारी।।
होहु प्रसन्न बनावहु शीघ्र, महा-कवि पण्डित औ अधिकारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, दया-मयि 'तारिणि' मातु हमारी।।२

*दूसरा पात्र स्वीकार कर इष्ट-देवता का ध्यान पढ़ें-

१. श्री काली का ध्यान

गुण-गण-ग्रामा भूरि रूप-राशि-धामा श्यामा, भाल माँ शशि-कला अति अभिरामा है।
एक कर नर-मुण्ड-दूजे माहिं तीक्ष्ण खड्ग, अभय करत तीजो-चौथो वर-दामा है।
महा-काल अङ्क मा है, मुण्ड-माल गल मा है, तीन हूँ विलोचन मा चारुता ललामा है।
श्याम-रङ्गवारी भामा-शम्भु की दुलारी कामा, काम-कला-रूपा मातु कालिका सुनामा है।।

२. श्री तारा का ध्यान

नीलम-सी देह-दुति दमकति चारों ओर, शीश पै अछोभ मूर्ति-ऊँचो करे माथ है।
कर्त्रिका कृपाण भीम भीषण कपाल-पात्र, कमल सुनील लिए जाके चारों हाथ हैं।
गल माँहि मुण्ड-माल, अति विकराल रूप, दीरघ त्रि-नेत्र बने जगती के नाथ हैं।
नीले-नीले कमल पै तारिणी विराजमान, दीनन पै दया करि दौरि देत साथ है।।

३. श्री षोडशी का ध्यान

(क) श्री बाला-त्रिपुर-सुन्दरी का ध्यान

उदित दिवाकर-सों दिव्य देह लाल-लाल, वसन विशेष लाल-लाल दरसत है।
मुख छवि लाल-लाल-तीनों नेत्र लाल-लाल, हाला पिए लाल-लाल-अति हरसत है।
पोथी लीन्हें एक कर - अक्ष-माल एक कर, भीति हरै एक - एक वर बरसत है।
लाल-लाल कमल पै समासीन बाला मातु, भाल पर शशि - कला शुभ्र सरसत है।।

(ख) श्री षोडशी महा-त्रिपुर-सुन्दरी का ध्यान

बाल रवि-सम लाल देह दुति दमकत, वक्ष-भार पाय-पाय लपि-लपि जावै है।
कुंकुम समान रक्त-वसन विशेष सोहैं, भूषण जड़ाऊ अङ्ग छवि सरसावै हैं।
बाण अरु अंकुश व पाश इक्षु-धनु लिए, चारों भुजा सुकुमार पौरुष दिखावै हैं।
तीनों नेत्र मद-भरे शशि-कला चमकति, कमल पै समासीन सुन्दरी सुहावै है।।

४. श्री भुवनेश्वरी का ध्यान

उदित दिवाकर-सों दिव्य देह शोभमान, मुकुट पै चन्द्र-लेखा-छवि छटा छावै है।
अङ्ग-अङ्ग सोहैं चारु भूषण जड़ाऊ भव्य, दीरघ त्रिनेत्र दया-वारि झरि लावै हैं।
एक कर वर देत, अभय करत दूजो, तीजो लिए पाश, चौथ अंकुश दिखावै है।
कमल पै समासीन, भुवना भवानी मोरि, भक्तन को उर लाय, आनँद बढ़ावै है।।

५. श्री छिन्न-मस्ता का ध्यान

काटि निज शीश आप लियो वाम कर माँहि, गरे ते रुधिर-धार बहि चली तीन हैं।
पान करै एक मुण्ड पास खड़ी सखी तिमि, दोउन के पियन में अति लवलीन हैं।
सुर-मुनि-नाग-नर अद्भुत लीला यह, चकित विलोकि रहे बुद्धि भई छीन है।
प्रेत केरे आसन पै समासीन छिन्न-मस्ता, वर-दान भक्तन को देय में प्रवीन है।।

६. श्री भैरवी का ध्यान

कोटि-कोटि बाल-रवि देह-दुति देखि लाजैं, दीरघ त्रिनेत्र चारु छवि-छटा छावै हैं ।
उन्नत उरोजन पै मुण्ड-माल भय-कारी, दुष्टन के दरप को छिन में नसावै है ।
माला लीन्हें-पोथी लीन्हें-पाश औ अंकुशहु, चारों भुजा जाको भव्य गौरव बतावैं हैं।
भैरवी भवानी केरि भावना-विभूति भूरि, ऐसो कौन शक्ति-सेवी जाको नाहिं भावै है।।

७. श्री धूमावती का ध्यान

दीरघ उरोज दोऊ उदर लौं पहुँचत, दशन विरल अति हाथ लीन्हें सूप है।
रथ पर समासीन ध्वजा पर काग राजै, भूख ते कृशित देह मलिन कुरूप है।
काचो मांस पावै खाय विकट कराल नेत्र, भीषण स्वरूप बनो अति ही अनूप है।
धूमा जी को नाम जौन जपत सविधि नित, बनि जात अनायास भूपन को भूप है।।

८. श्री बगलामुखी का ध्यान

पीत-पीत वसन प्रसार करैं देह-छवि, अङ्ग-अङ्ग भूषन सु-पीत झरि लावै हैं।
मुख-कान्ति पीत-पीत, तीनों नेत्र पीत-पीत, अङ्ग-राग पीत-पीत शोभा सरसावै है।
निज भीत भक्तन को जीत देति दौरि आय, अपनो दया को रूप प्रकट दिखावै है।
बगले! तिहार नाम जपत स-भक्ति जौन, भुक्ति पावै-मुक्ति पावै-पीता बन जावै है।।

९. श्री मातङ्गी का ध्यान

नीले-नीले वस्त्र फबैं-साँवरे सुरूप पर, नीले-नीले तीनों नैन-मन्द मुसकावै हैं।
मानिक विभूषन छबीले-छवि छाय रहे, मुख बीरी रङ्ग दै-दै-अधर सजावै हैं।
लाल-लाल रँगे-दोऊ चरन-कमल चारु, भक्त भव्य भावना को-प्रकट दिखावै हैं।
काँधे पर कीर बैठ्यो-इङ्गित करत यह, मातङ्गी मगन बैठी-बीन को बजावै है ।।

१०. श्री कमला का ध्यान

कञ्चन-सी देह-दुति रूप सरसाय रही, बैठी फूले कञ्ज पर सुषमा समानी है।
दुहुन करन माँहि कमल विराजि रहे, दीरघ त्रिनेत्र सोहैं वरदा भवानी है।
दोऊ ओर कुञ्जर विशाल खड़े कुम्भ लीन्हें, सिञ्चत करत रहैं पूरे भक्त प्राणी हैं।
शीश पै किरीट सोहै, चारुता विलोकि मोहैं, कमला भवानी मोरि मातु महरानी हैं।।

***

तीसरी पात्र-वन्दना

आम्नाय सबन की कलानि सों कलित अति, द्योतक कुतूहल को परम महान है।
चन्द्रमा महेन्द्र विष्णु वरुण विरञ्चि शम्भु, सेवत सतत अरु करत बखान हैं।
मोक्ष-अभिलाषी देव-परम मुनीश आदि, धरत सदैव याको चित्त माहिं ध्यान हैं।
आत्म-बोध-दायक तृतीय यहि पात्र कहँ, वन्दन करत जौन सुख को निदान है।।

चन्द्र-कला-द्युति भाल लखात, सु-लोचन तीनि महा-सुख-कारी।
मन्द हँसी हँसि काटहु क्लेश, धरौ धनु-वाण व पाशहु भारी।।
बैठति हौ कमलासन माँझ, भली विधि स्वर्णिम केश सँवारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, दया-मयि 'सुन्दरि' मातु हमारी।।३

---

*तीसरा पात्र स्वीकार कर षडङ्ग-न्यास करे।
फिर स्व-शक्ति-रूपा प्रकृति का 'प्रसाद' लेकर चौथी पात्र-वन्दना पढ़े—

चौथी पात्र-वन्दना

सुन्दर सुभग चारु मद्य मीन रस-पूर्ण, हरि-हर-ब्रह्मा आदि पूजा जाकी कीन्ह है।
मुद्रा कुल-सन्ध्या धर्म-कर्म में निरत रहै, क्षार-अम्ल-तिक्त केरे रहत अधीन है।

संसिद्ध भैरव-रूप कुलाचार्य अर्चन ते, न्यासन ते भली विधि शुद्ध कर दीन है।
पाँचहू मकार तत्त्व-सहित सु-पान करै, वन्दौं चौथे पात्र कहँ जामे मन लीन हैं।।

बाल दिवाकर सों छवि-मान, दिपै मुख चारु सदा उजियारी।
चन्द्र किरीट फबै अभिराम, लिए वर अंकुश पाश सँवारी।।
देति नितै वर भक्त विलोकि, हरै सब भीति महा-सुकुमारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, दया-मयि 'श्रीभुवनेशि' हमारी।।४

*चौथा पात्र स्वीकार कर 'मूल-मन्त्र' का जप करे। तब 'शक्ति-स्तोत्र' का पाठ करे–

शक्ति-स्तव

सुन्दर रूप भली छवि छाजत, शङ्कर-गेहिनि गौरि तुम्हीं हो।
हो कमला तुम देत सदा धन, त्रास-निवारिणि एक तुम्हीं हो।।
हो भुवना तुम द्वन्द्व-विनाशिनि, भाव-सँवारिनि देवि तुम्हीं हो।
अम्ब-स्वरूप तुम्हीं कुल-कामिनि, तत्त्व-प्रदा-शुचि-रूप तुम्हीं हो।।१
दीनहिं देखि द्रवैं जल लोचन, ऐस दयालु हियौ तव माता।
एक तुम्हीं भव-बन्ध विनाशत, भाव-भरी सुखदा दुख-त्राता।।
पूजन तोर सदा सुख-दायक, हो तुम ही जन-भाग्य-विधाता।।
अम्ब-स्वरूप तुम्हीं कुलकामिनि, को नहिं तो सन जोरत नाता।।२
नैन रहैं करुणा - रस भीजत, बैनन ते टपकै मधुराई।
नेह-भरी अति तोरि विलोकनि, मातु तिहारि भली सुघराई।।
भाव प्रदानत पूत निरन्तर, तोरि दया नित दीखत माई।
अम्ब-स्वरूप तुम्हीं कुल-कामिनि, काहि न तोर दुलार सुहाई।।३
पूजि तुम्हैं सुख पावत को नहिं, को अनुरक्त न होत भवानी।
गान करै तव खोजि सबै गुन, ताहि मिलै सुख लोक-बखानी।।
तोर पुनीत प्रसाद प्रदानत, भुक्ति व मुक्ति सदा मन-मानी।
अम्ब-स्वरूप तुम्हीं कुल-कामिनि, भक्तन की जननी जग-रानी।।४
पूजन में तव वक्र विलोकनि, कैस न साधक को हुलसावै।
पाय तिहार प्रसाद सुधा-रस, को नहिं आपन भाग्य बढ़ावै।।
श्री पद-कञ्ज तिहारि सु-पावन, कौन तिन्हैं नहिं शीश झुकावै।
अम्ब-स्वरूप तुम्हीं कुल-कामिनि, कोपहु तोर सुधा बरसावै।।५

पाँचवीं पात्र-वन्दना

शेष-नाग कुण्डली को सुघर आधार मानि, तापै भूमि-रूपी पात्र सुखद धरत हौं।
सप्त-सिन्धु जल-राशि मदिरा बनत श्रेष्ठ, आठौ दिग्गजन केरि पिसित गहत हौं।

आज्ञाकारी सेवकानि आदित्य-प्रमुख सुर— असुरनि सङ्ग माहिं तिनको लहत हौं।
तारा-गण अक्षतन सों प्रति-दिन सँवारि, भैरव-स्वरूप नित्य पूजन करत हौं।।
आत्मानन्द करत है हिय को अतीव प्रिय, सेवत सुरेन्द्र सदा चित्त को सँभारि कै।
शीघ्र सिद्धि देत अरु महा-भीति दूरि करै, मोक्ष को प्रबोधै आपु भाव को सँभारि कै।
सुन्दर मधुर रस कुल-सन्ध्या केर धारय, लास को प्रदीपै आशु मन को उभारि कै।
वर-दानी सुधा-सिन्धु-परिलुप्त पात्र यह, वन्दौं अब पञ्चम को भावना सँवारि कै।।

कोटिन बाल-प्रभाकर-पुञ्ज, लजै मुख-कान्ति विलोकि तुम्हारी।
हाथ गहे सुठि पुस्तक माल, तथा नव पाश व अंकुश भारी।।
धारति हौ नर-मुण्ड को हार, त्रिलोचनि चारु सदैव सँवारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, दया-मयि 'भैरवि' मातु हमारी।।५

***पाँचवाँ पात्र स्वीकार कर 'चक्रार्चन' को हृदयङ्गम करने के लिए 'चक्र-महिमा' का पाठ करे—**

चक्र-महिमा

हरे-हरे पातन की झालरि चहूँधा छाजैं, कोनन में रम्भा-खम्भ सोभा सरसावै हैं।
गजरा विशाल झूमैं ठौर-ठौर सुरभित, पूजा-गृह दीप्ति-मान अति मन भावै हैं।
मध्य में विराज-मान साधकेन्द्र तपो-मूर्ति, मण्डल बनाय वीर-भावना दिखावै हैं।
कौलन की 'चक्र-पूजा' होति अति भाव-मयी, देवता दरस देत आनँद बढ़ावै हैं।।१
आँगनि-प्राकार चारु चारों ओर दमकत, ताके मध्य साधकेन्द्र पूजन-निरत है।
कलश व पात्र सारे थाप्यो विधि-युक्त दिव्य, फूलनि गलीचा जनु सुघर सजत है।
पावक व रवि-सोम-मण्डल प्रदीप्त-मान, पूजा-थल शान्ति-मय ज्योतित करत है।
कौलन की 'चक्र-पूजा' जगर-मगर होति, देखि-देखि वीरन के हिय हुलसत हैं।।२
अङ्गन-सहित यन्त्र-राज पर अम्बिकहिं, पढ़ि मन्त्र भक्ति-युक्त कियो समासीन हैं।
कोटिन प्रभाकर की किरणें थिरकि रहीं, देखि-देखि भए वीर-भाव में लीन हैं।
सब उपचारन ते पूज्यो भरे भाव हिए, आतम-निवेदन स-विधि तहँ कीन्ह है।
कौलन की 'चक्र-पूजा' अति ही रहस्य-भरी, जानै सोई जन जौन बनत न दीन है।।३
बटुक-गणेश-शक्ति आदि पूज्यो विधि-युक्त, भोग को प्रसाद दियो रुचिर सजाय कै।
गुरु-इष्ट पूजि तरप्यो तत्त्व हू विशुद्ध कियो, वाम कर लियो पात्र दक्ष ते छिपाय कै।
वन्दन के साथ-साथ पात्र-पर-पात्र होत, वीर देव-भाव-भरे आनँद बढ़ाय कै।
कौलन के 'चक्र' महँ साम्य-भाव बरसत, अम्बिका दरस देति निज-जन पाय कै।।४
मन्त्र-पूत सीधु-पात्र शुद्धि व तृतीया पुष्प, चणक बटक मुद्रा सामुहे सजाए हैं।
तर्पण करत वीर गुरु-इष्ट-ध्यान धरैं, न्यास करैं मन्त्र जपैं विधि न भुलाए हैं।
वन्दन पढ़त शुचि आहुति प्रदान करैं, चर्वण करत वीर लास - पद्य गाए हैं।
कौलन के 'चक्र' महँ आनँद-विभोर सबै, शिव-रूप धरे सबै भाव को बढ़ाए हैं।।५

पान कै चरणामृत अर्चन प्रपूर्ण कीन, शान्ति-पाठ पढ़ि कियो मङ्गल की कामना।
विश्व में प्रशान्ति छावै सकल निरोग रहैं, जन-जन सुखी होंय ऊँची उठै चाहना।
वीरन को वन्द्य तहँ हिए भरे देव-भाव, उठि चले वीर सबै जहाँ जाको जावना।
कौलन के 'चक्र' महँ तत्त्व को प्रबोध होत, मिलत परम पद सिद्ध होति साधना।।६

***

छठवीं पात्र-वन्दना

चामर व छत्र चारु देत शुभ राज-मञ्च, उदित करत त्यों ही आनँद अपार है।
मनोहारी सुख-प्रद अश्व और हस्ति देत, अतुल साम्राज्य सर्व-अर्थ देन-हार है।
नाना-आधि-व्याधि-हारी भव-अन्धकार नाश, अपर जनम हेतु बनत कटार है।
भैरव व भैरवी को प्रिय-तम मोद-प्रद, ऐसे छठे पात्र प्रति नमन हमार है।।

काटि लियो कर एक में मुण्ड, पियौ निज शोणित-धार सयानी।
दूसरि तीसरि धार तथैव, सखी तहँ पीवत छोड़ि गलानी।।
रूप विभीषण अद्‌भुत मातु, न जानत भेद मुनीशहुँ ज्ञानी।
पात्र तिहार करौं यह पान, दया-मयि 'छिन्ना' हमारि भवानी।।६

---

*छठा पात्र स्वीकार कर 'आनन्द' की स्पष्ट अनुभूति हेतु 'आनन्दोल्लास' का पाठ करे—

आनन्दोल्लास

आनँद-पूरित वीर करैं जब, हास - हुलास व प्रेम दिखावैं।
भौंह तरेर जहाँ कुल-कामिनि, मञ्जुल बैनन ते हरखावैं।।
होत रहै वर पान यथा-विधि, श्रीगुरु-वन्दन को मन भावैं।
मोर तो एक वही शुभ वासर, साधक पूजन में चित लावैं।।१
तर्पन वीरन को मन-भावन, होत स-भक्ति प्रमाद भुलाए।
पीवत कारण पात्र भरावत, साधक-वृन्द बिना सकुचाए।।
चर्वण को वर शुद्धि सु-पाचित, देति सु-गेहिनि मोद बढ़ाए।
मोर तो एक वही शुभ वासर, वीर स-शक्ति जबै घर आए।।२
शक्तिनि कै पद-धूलि सु-पावनि, माथनि लै वर वीर लगावैं।
नाथन केरि विशेष अलौकिक, चारु चरित स-प्रेम सुनावैं।।
आनँद - भाव - भरे अति सुन्दर, गावत गीत प्रमोद बढ़ावैं।
मोर तो एक वही शुभ वासर, जा दिन साधक लास दिखावैं।।३
जा दिन पूजन होत भली विधि, शक्ति व वीर प्रसन्नता भावैं।
ध्यान धरैं छिन पात्र करैं छिन, श्रीगुरु-वन्दन को मन लावैं।।

सीधु सुवासिनि देत पुनः भरि, स्तोत्र पढ़ैं अरु लास दिखावैं।
मोर तो एक वही शुभ वासर, सुन्दर मातु-स्वरूप दिखावैं।।४
होंय धरे घट हेतु भरे बहु, शुद्धि-समूह सु-वासित नीको।
मीन सुपक्व सुभर्जित शोभित, गन्ध लगै जिनकी प्रिय जी को।।
भाव-भरी जब बैठि सुवासिनि, देति सु-पात्र प्रपूर्ण अमी को।
मोर तो एक वही शुभ वासर, और करैं सब ही मन फीको।।५

***

सातवीं पात्र-वन्दना

जाग्रत स्वपन और सुषुप्ति तुरीय परे, चेतना रहित ताको दर्शन करावै है।
विद्युत तपन चन्द्र अनल व ज्योति-कला, जाको दिव्य-रूप चारु विशद बनावै है।
पिङ्गला सुषुम्ना ईड़ावाली कुण्डली-सों युक्त, साधक के मानस को कस न सुहावै है।
सप्तम सुरक्षा करै जौन सप्त-सिन्धु-रूप, तरुणानन्द-दायक सदा सरसावै है।।

लम्ब पयोधर वस्त्र मलीन, रहौ नित ही कर में सूप सँभारे।
भूख कियो अतिं क्षीण शरीर, विलोकनि वक्र रहौ तुम धारे।।
कारण कौन धरौ अस रूप, न जानि सके कवि-पण्डित हारे।
पात्र तिहार करौं यह पान, हरौ दुख 'धूम्र' सदैव हमारे।।७

---

*सातवाँ पात्र स्वीकार कर 'धूमा' ग्रहण करे और श्रीदेवी-पुत्र भैरव की प्रसन्नता हेतु 'श्रीबटुक-भैरव-स्तोत्र' का पाठ करे—

श्री बटुक-भैरव-स्तोत्र

।।ध्यान।।

स्फटिक सरिस सुन्दर तन राजै, कुण्डल मणि-आभा मुख साजै।
दिव्य किङ्किणी मणि मञ्जीरा, नूपुर शोभित चरण सुधीरा।
दिव्य कान्ति चहुँ दिग बगरावै, विषद वसन सुषुमा मन भावै।
परम प्रसन्न बटुक शुभ रूपा, तीन नयन-अति दिव्य अनूपा।
शूल दण्ड दोउ भुजनि विराजै, करि दर्शन हिय कहँ दुख भाजै।
भक्त-इष्ट-प्रद भैरव-नाथा, पुनि-पुनि प्रभो! नवावौं माथा।।

अब 'श्री बटुक-भैरव-स्तोत्र' पढ़ें–

नमो-नमो भैरव सिधि-दाता। भूतनाथ भव-भय तें त्राता।।
भूतात्मा भूतल उजियारे। बटुक भूत-भावन मतवारे।।१
क्षेत्रद क्षेत्रपाल सुर - राटा। क्षत्रिय - वर क्षेत्रज्ञ विराटा।।
जय श्मशान-वासी शुभ-नामा। मांसाशी प्रभु मङ्गल-धामा।।२

नमो खर्पराशी भगवन्ता। जय स्मरान्तक-रूप अनन्ता।।
रक्तप तोहि बहुरि सिर नवावौं। पानप सिद्ध हृदय महँ ध्यावौं।।३
सिद्धिद देव सिद्धि के नाथा। सिद्ध-सुसेवित सेवक साथा।।
जय कङ्काल कुटिल नर-नाशी। काल-शमन जय-सब सुख-राशी।।४
नमो कला-काष्ठा-तनु-धारी। जय-जय कवि सर्वज्ञ सुखारी।।
जय त्रिनेत्र बहु-नेत्र नमामि। पिङ्गल-लोचन शरण व्रजामि।।५
शूल-पाणि जय दीन-दयाला। खड्ग-पाणि जय परम कृपाला।।
कङ्काली तोहि कोटि प्रणामा। जयतु धूम्र-लोचन शुभ नामा।।६
जय अभीरु जय भैरवि-नाथा। भूतप योगिनि-पति शुचि गाथा।।
नमो धनद ऋण-हारी देवा। जय धन-वान विश्व-सुख देवा।।७
जय प्रतिभाग-वान सुर-स्वामी। जय प्रतिभावित अन्तर्यामी।।
नाग-हार तव चरण नमामि। देव! दया-मय सदा भजामि।।८
नाग-केश जय-जय सुर-साईं। व्योम-केश जय प्रभो गुसाईं।।
जय कपाल-भृत, काल कराला। जय कपाल-माली जग-पाला।।९
जय कमनीय कला-निधि त्राता। जयतु त्रिलोचन आनन्द-दाता।।
ज्वलन्नेत्र त्रिशिखी तोहि ध्यावौं। नमो त्रिलोकप-सब सिधि पावौं।।१०
जय त्रिवृत्त-तनय सुख-रासी। जय हे डिम्भ! नित्य अविनाशी।।
जय हे शान्त भक्त वरदाई। डिम्भ-शान्त प्रभु-भक्त सहाई।।११
शान्त-जन-प्रिय दीन-दयाला। नमो बटुक बहु-वेष कृपाला।।
जय खट्वाङ्ग-वर-धारक देवा। भूताध्यक्ष करैं सुख सेवा।।१२
जय-जय पशु-पति भिक्षुक देवा। जय परिचारक-जन-मन-मेवा।।
धूर्त दिगम्बर शूर भजामि। हरिण पाण्डु-लोचन जय स्वामी।।१३
जय प्रशान्त हे शान्तिद शुद्धा। सिद्ध युद्ध-जय-कारी बुद्धा।।
हे शङ्कर-प्रिय-बान्धव नामी। शङ्कर-प्रिय-बान्धव शुभ कामी।।१४
अष्ट-मूर्ति जय देव निधीशा। ज्ञान-चक्षु तपो-मय ईशा।।
अष्टाधार नमो सुर स्वामी। षडाधार जग अन्तर्यामी।।१५
सर्प-युक्त शिखि-सख भूधर जय। जय भूधर-अधीश मङ्गल-मय।।
भूपति भूधर-आत्म प्रदाता। भूधर-आत्मक सब जग-त्राता।।१६
जय कपाल-धारि सुर-नाथा। मुण्डी तोहि नवावौं माथा।।
नाग यज्ञ-पवीत विराजै। आन्त्र-यज्ञ-उपवीत सु-साजै।।१७
जृम्भण मोहन स्तम्भन स्वामी। मारण क्षोभण जग-सुख-कामी।।
शुद्ध-नील-अञ्जन-प्रख्याता। देव दैत्यहा सेवक-त्राता।।१८

मुण्ड-विभूषित छवि सरसाए। सकल सु-मङ्गल-मूल सुहाए।।
बलिभुक् तुम प्रभु बलिभुङ्-नाथा। बाल-अबाल-पराक्रम साथा।।१९
जय सर्वापत् - तारण स्वामी। दुर्ग - रूप प्रभु अन्तर्यामी।।
दुष्ट-भूत-निषेवित देवा। कामी काम-फल-प्रद सेवा।।२०
जयतु कलानिधि कान्त सुनामी। कामिनी-वशकृत तोहि नमामी।।
सकल जगत वशी-कृत नामा। कामिनि-वश-कृत वशी ललामा।।२१
देव जगत-रक्षा-कर जय-जय। अनन्त माया मन्त्रौषधि-मय।।
सर्व-सिद्धि-प्रद वैद्य महाना। हे प्रभ-विष्णु विवेक-निधाना।।२२

।। फल-श्रुति ।।

तुम विभु अखिल विश्व सरसाओ। भक्त-भरण-करि सुयश कमाओ।।१
अष्टोत्तर-शत-नाम-स्वरूपा। कल्प-वृक्ष यह परम अनूपा।।२
जपत जीव सब मङ्गल पावै। सकल कामना तुरत पुरावै।।३
दुरित-भूत-भय-मारी-भीती। जपत मिटै पल में सब ईती।।४
राज-शत्रु-ग्रह-भय नहिं लागै। भैरव-स्तवन करत दुख भागै।।५
दो०- अष्टोत्तर-शत नाम शुभ, जपत धरै नित ध्यान।
तिन कहँ भैरव लाडिले, सदा करैं कल्याण।।

***

आठवीं पात्र-वन्दना

हाथ को कृपाण भारी पैरन को पादुका हु, भाल को तिलक वाक-शक्ति देन-वारो है।
अरिन का वाग-बल शौर्य और कीर्ति नाशै, काय-रक्षा हेतु बनै निपट सहारो है।
इच्छा करै पूरि सारी मनहुँ अचल करै, योषतानिनि को कर्षण करन-वारो है।
आठों सिद्धि-दाता जौन परम प्रताप-रूप, ऐसे पात्र आठवें को वन्दन हमारो है।।
पीत विलोकत होहु प्रसन्न, विपन्न दुखी जन को अति प्यारी।
खैंचि निकारहु शत्रु की जीभ, गिरावहु मारि सु-मुद्गर भारी।।
बुद्धि करौ अरि कै तुम भ्रंश, जितावहु भक्तहिं दोष बिसारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, सदा 'वगला' जगदम्ब हमारी।।८

*आठवाँ पात्र स्वीकार करने के बाद 'पानोल्लास-स्तव' का पाठ करे—

पानोल्लास-स्तव

प्रमुदित होत दशौ दिग-पाल क्षेत्र-पाल, शस्त्रन सहित आय आसन धरत हैं।
पूर्ण-गिरि आदि आठों पीठ साजैं नव्य साज, असिताङ्ग आदि होत आनँद-निरत हैं।
ब्राह्मी आदि आठों माता भगा आदि शक्ति-वृन्द, ह्वै कै प्रसन्न अति मोद सों भरत हैं।
अङ्गन-सहित मातु पूजा लेति तृप्त होति, चक्र को यजन जब साधक करत हैं।।१

ज्ञान को प्रकाश होत श्रवत प्रमोद-स्रोत, छाँड़ि कै प्रपञ्च मन थिरता धरत है।
विकसत वर-बुद्धि अहङ्कार मिटि जात, चित्त में अनूठो भाव उमँगि भरत है।
लास को बढ़त ज़ोर जाको नाहिं मिलै छोर, सरस गभीर छन्द आप उचरत है।
आत्म-शक्ति प्रकटति दीखत स्वरूप निज, पान-पर-पान जब साधक करत है।।२
पशुता विलुप्त होति मानव बनत दिव्य, सरसत भव्य गान भाव उमगत है।
दुइ का मिटत भेद मिलत परम पद, जाके हेतु भक्त नित भजन करत है।
तत्त्व का प्रबोध होत बोध-पर-बोध होत, मन का निरोध होत आनँद भरत है।
शिव-रूप मातु-रूप एकाकार होत तबै, शक्ति-पीत शेष जबै मुख में परत है।।३
गुरु-देव वितरत पात्र पर पूर्ण-पात्र, साधक झुकाय शीश विधि सों गहत हैं।
क्रम के जनैया जौन कुलाचारी वीर तौन, मधुर स्वरन गाय वन्दन पढ़त हैं।
अधिक उल्लास पाय गावत कितेक गीत, रस-भरे भाव-भरे मोद को लहत हैं।
तर्पण-निरत अन्य चर्वण करत धन्य, आनँद-तरङ्गनि में केतिक बहत हैं।।४
सरल मनुज कबौं दारुण दनुज कबौं, देवता दयालु कबौं प्रकट अरिष्ट हौं।
विज्ञ कबौं अनभिज्ञ साधु औ असाधु कबौं, शिष्ट औ अशिष्ट कबौं अति ही वरिष्ट हौं।
भूत कबौं अवधूत धूर्त कबौं अनुभूत, मातु को सपूत कबौं गरिमा-गरिष्ट हौं।
सीधु की तरङ्गनि में कथन करत वीर, भोग-मत्त पानासक्त साधक भरिष्ट हौं।।५
ज्ञानी कबौं ध्यानी कबौं जप-अभिमानी कबौं, दानी कबौं मानी कबौं साधक प्रवीन हौं।
लण्ठ कबौं सण्ठ कबौं बन्दनान कण्ठ कबौं, रहत फिरण्ट कबौं भावना-अधीन हौं।
पण्डित महान कबौं मूरख नदान कबौं, सूरमा-प्रधान कबौं छलना-विहीन हौं।
सीधु की तरङ्गन में कथन करत वीर, सिद्ध हू असिद्ध कबौं कौलिक प्रवीन हौं।।६
ब्रह्मा हम विष्णु हम शिव हम शिवा हम, परम पुरुष हम सब कुछ हम हैं।
जोगी हम भोगी हम ढोंगी औ सँयोगी हम, परम वियोगी हम जानैं कुल-क्रम हैं।
गुरु हम इष्ट हम मन्त्र हम यन्त्र हम, परम स्वतन्त्र हम औ रहित भ्रम हैं।
सीधु की तरङ्गन में कथन करत वीर, पूर्ण घट-पायी वीर काहू सों न कम हैं।।७
बाँईं ओर चन्द्र-मुखी कर में सुधा को पात्र, जाको पान किए चारु-चित्त अति हरषाय।
मूर्धा में गुरु को ध्यान होत रहै कमनीय, सुख-प्रद मन माँहि अम्बिका को सौख्य पाय।
कुल-क्रम-जानकार लेत जात नेम-युक्त, एक-एक व्यञ्जन को सरस सु-स्वाद पाय।
सुधा-पान करत जे सन्त-जन युक्ति-युक्त, भुक्ति-मुक्ति तिन्हैं मिलैं आपु ही तैं धाय-धाय।।८
बाँईं ओर बैठी होय रमण-प्रवीण रामा, सुधा सों सु-पूर्ण घट दाएँ हो विराज-मान।
चटक-बटक तथा पूरी हो कचौरी सुठि, सूकर को उष्ण मांस देत हो सुगन्ध-दान।
वीना हू बजत होवे रस-भरी कथा होत, गुरून की महिमा का होत रहै मञ्जु गान।
'कुल-धर्म'-भेद अति गहन न जाने जाहिं, योगी-जन जगत-प्रसिद्ध यहै तत्त्व-ज्ञान।।९

***

मुण्ड-विभूषित छवि सरसाए। सकल सु-मङ्गल-मूल सुहाए।।
बलिभुक् तुम प्रभु बलिभुङ्-नाथा। बाल-अबाल-पराक्रम साथा।।१९
जय सर्वापत् - तारण स्वामी। दुर्ग - रूप प्रभु अन्तर्यामी।।
दुष्ट-भूत-निषेवित देवा। कामी काम-फल-प्रद सेवा।।२०
जयतु कलानिधि कान्त सुनामी। कामिनी-वशकृत तोहि नमामी।।
सकल जगत वशी-कृत नामा। कामिनि-वश-कृत वशी ललामा।।२१
देव जगत-रक्षा-कर जय-जय। अनन्त माया मन्त्रौषधि-मय।।
सर्व-सिद्धि-प्रद वैद्य महाना। हे प्रभ-विष्णु विवेक-निधाना।।२२

।। फल-श्रुति ।।

तुम विभु अखिल विश्व सरसाओ। भक्त-भरण-करि सुयश कमाओ।।१
अष्टोत्तर-शत-नाम-स्वरूपा। कल्प-वृक्ष यह परम अनूपा।।२
जपत जीव सब मङ्गल पावै। सकल कामना तुरत पुरावै।।३
दुरित-भूत-भय-मारी-भीती। जपत मिटै पल में सब ईती।।४
राज-शत्रु-ग्रह-भय नहिं लागै। भैरव-स्तवन करत दुख भागै।।५
दो०- अष्टोत्तर-शत नाम शुभ, जपत धरै नित ध्यान।
तिन कहँ भैरव लाडिले, सदा करैं कल्याण।।

***

आठवीं पात्र-वन्दना

हाथ को कृपाण भारी पैरन को पादुका हु, भाल को तिलक वाक-शक्ति देन-वारो है।
अरिन का वाग-बल शौर्य और कीर्ति नाशै, काय-रक्षा हेतु बनै निपट सहारो है।
इच्छा करै पूरि सारी मनहुँ अचल करै, योषतानिनि को कर्षण करन-वारो है।
आठों सिद्धि-दाता जौन परम प्रताप-रूप, ऐसे पात्र आठवें को वन्दन हमारो है।।
पीत विलोकत होहु प्रसन्न, विपन्न दुखी जन को अति प्यारी।
खैंचि निकारहु शत्रु की जीभ, गिरावहु मारि सु-मुद्‌गर भारी।।
बुद्धि करौ अरि कै तुम भ्रंश, जितावहु भक्तहिं दोष बिसारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, सदा 'वगला' जगदम्ब हमारी।।८

*आठवाँ पात्र स्वीकार करने के बाद 'पानोल्लास-स्तव' का पाठ करे—

पानोल्लास-स्तव

प्रमुदित होत दशौ दिग-पाल क्षेत्र-पाल, शस्त्रन सहित आय आसन धरत हैं।
पूर्ण-गिरि आदि आठों पीठ साजैं नव्य साज, असिताङ्ग आदि होत आनँद-निरत हैं।
ब्राह्मी आदि आठों माता भगा आदि शक्ति-वृन्द, ह्वै कै प्रसन्न अति मोद सों भरत हैं।
अङ्गन-सहित मातु पूजा लेति तृप्त होति, चक्र को यजन जब साधक करत हैं।।१

ज्ञान को प्रकाश होत श्रवत प्रमोद-स्रोत, छाँड़ि कै प्रपञ्च मन थिरता धरत है।
विकसत वर-बुद्धि अहङ्कार मिटि जात, चित्त में अनूठो भाव उमँगि भरत है।
लास को बढ़त ज़ोर जाको नाहिं मिलै छोर, सरस गभीर छन्द आप उचरत है।
आत्म-शक्ति प्रकटति दीखत स्वरूप निज, पान-पर-पान जब साधक करत है।।२
पशुता विलुप्त होति मानव बनत दिव्य, सरसत भव्य गान भाव उमगत है।
दुइ का मिटत भेद मिलत परम पद, जाके हेतु भक्त नित भजन करत है।
तत्त्व का प्रबोध होत बोध-पर-बोध होत, मन का निरोध होत आनँद भरत है।
शिव-रूप मातु-रूप एकाकार होत तबै, शक्ति-पीत शेष जबै मुख में परत है।।३
गुरु-देव वितरत पात्र पर पूर्ण-पात्र, साधक झुकाय शीश विधि सों गहत हैं।
क्रम के जनैया जौन कुलाचारी वीर तौन, मधुर स्वरन गाय वन्दन पढ़त हैं।
अधिक उल्लास पाय गावत कितेक गीत, रस-भरे भाव-भरे मोद को लहत हैं।
तर्पण-निरत अन्य चर्वण करत धन्य, आनँद-तरङ्गनि में केतिक बहत हैं।।४
सरल मनुज कबौं दारुण दनुज कबौं, देवता दयालु कबौं प्रकट अरिष्ट हौं।
विज्ञ कबौं अनभिज्ञ साधु औ असाधु कबौं, शिष्ट औ अशिष्ट कबौं अति ही वरिष्ट हौं।
भूत कबौं अवधूत धूर्त कबौं अनुभूत, मातु को सपूत कबौं गरिमा-गरिष्ट हौं।
सीधु की तरङ्गनि में कथन करत वीर, भोग-मत्त पानासक्त साधक भरिष्ट हौं।।५
ज्ञानी कबौं ध्यानी कबौं जप-अभिमानी कबौं, दानी कबौं मानी कबौं साधक प्रवीन हौं।
लण्ठ कबौं सण्ठ कबौं बन्दनान कण्ठ कबौं, रहत फिरण्ट कबौं भावना-अधीन हौं।
पण्डित महान कबौं मूरख नदान कबौं, सूरमा-प्रधान कबौं छलना-विहीन हौं।
सीधु की तरङ्गन में कथन करत वीर, सिद्ध हू असिद्ध कबौं कौलिक प्रवीन हौं।।६
ब्रह्मा हम विष्णु हम शिव हम शिवा हम, परम पुरुष हम सब कुछ हम हैं।
जोगी हम भोगी हम ढोंगी औ सँयोगी हम, परम वियोगी हम जानैं कुल-क्रम हैं।
गुरु हम इष्ट हम मन्त्र हम यन्त्र हम, परम स्वतन्त्र हम औ रहित भ्रम हैं।
सीधु की तरङ्गन में कथन करत वीर, पूर्ण घट-पायी वीर काहू सों न कम हैं।।७
बाँई ओर चन्द्र-मुखी कर में सुधा को पात्र, जाको पान किए चारु-चित्त अति हरषाय।
मूर्धा में गुरु को ध्यान होत रहै कमनीय, सुख-प्रद मन माँहि अम्बिका को सौख्य पाय।
कुल-क्रम-जानकार लेत जात नेम-युक्त, एक-एक व्यञ्जन को सरस सु-स्वाद पाय।
सुधा-पान करत जे सन्त-जन युक्ति-युक्त, भुक्ति-मुक्ति तिन्हैं मिलैं आपु ही तैं धाय-धाय।।८
बाँई ओर बैठी होय रमण-प्रवीण रामा, सुधा सों सु-पूर्ण घट दाएँ हो विराज-मान।
चटक-बटक तथा पूरी हो कचौरी सुठि, सूकर को उष्ण मांस देत हो सुगन्ध-दान।
वीना हू बजत होवे रस-भरी कथा होत, गुरून की महिमा का होत रहै मञ्जु गान।
'कुल-धर्म'-भेद अति गहन न जाने जाहिं, योगी-जन जगत-प्रसिद्ध यहै तत्त्व-ज्ञान।।९

***

नवीं पात्र-वन्दना

सकल आनन्द-प्रद सदा-शिव-पद-वारी, सर्वार्थ-प्रदाता कहँ मन में धरत हौं।
सम्पद साम्राज्य-दाता सर्व-सुख-देन-वारो, अज्ञता-विनाशक को सुख से बरत हौं।
आयु-कीर्ति-यश आदि वर्धन करत जौन, भव-मोह-नाशक को कर में गहत हौं।
लक्ष गुण-वाले चारु प्रौढ़ हू प्रताप-वारे, ऐसे नौम पात्र कहँ अब मैं भजत हौं।।

कीर-छटा सुठि श्यामल रूप, त्रिलोचन चारु सुधा-रस-धारी।
पान चबात रहौ मुसकात, विभूषण अङ्गन के अनुसारी।।
बीन बजावत राग - समेत, रँगे पद-पद्म सु-रक्त सँवारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, दया-मयि 'मातङ्गि' मातु हमारी।।९

***नवाँ पात्र स्वीकार कर 'साधना' के मर्म को ठीक-ठीक समझने हेतु 'साधनोल्लास' का पाठ करे–**

साधनोल्लास

पासहि बाल सुलोचनि चारु, सु-सज्जित पाइ मनोभव जागे।
सीधु-भरो घट राजत दिव्य, तथा वर मीन सु-भर्जित आगे।।१
भूधर शुद्धि सु-पक्व सु-सिद्ध, धरे बहु भोज्य भले रस-पागे।
ऐस प्रलोभन हैं भरपूर, कहाँ तब साधन में मन लागे?।।२
श्याम सुलोचनि के पद-कञ्जनि, दै मन पूजन में चित लावै।
सीधु सु-पान करै पल भोजन, श्रीगुरु-पंक्ति व इष्टहिं ध्यावै।।३
भोग लगाय स-मन्त्र भली-विधि, पात्र करै व प्रसादहि पावै।
साधन-मारग एक यही बस, याहि प्रलोभन अज्ञ बतावै।।४
पान सु-पान करैं भरि पेट, तथा वर मांस व मीन उड़ावैं।
हास-विनोद करैं बहु भाँति, प्रपञ्च-भरे बहु राग सुनावैं।।५
शक्तिन केर करैं सतकार, सनेह-भरे अति ही अठिलावैं।
साधन को यह मारग नाहिं, प्रलोभन ही सब भाँति दिखावैं!।।६
सीधु व मांस व मीन विलोकत, बोधत रञ्च न भाव-विभावना।
शक्ति विलोकत चौंकत-खीझत, पानहु केरि वृथा अवमानना।।७
खोजत वन्दन माहिं अनौचित, कुत्सित निन्दित मानस-चाहना।
साधन-मारग एक यही बस, साधक त्यागत या महँ कामना।।८
कुण्डलिनी वर-दायिनि देविहि, कारण लै वर पान करावै।
शुद्धि तृतीय यथा-क्रम पावनि, मुद्रन को नित भोग लगावै।।९
पूजि यथा-विधि श्रीकुल-कामिनि, सोहम-भाव भरै व भरावै।
साधन-मारग एक यही बस, साधक दिव्य सदा अपनावै।।१०

***

दसवीं पात्र-यन्दना

ब्रह्मा-विष्णु -महेश को, देवन को अभिराम। दुर्लभ पावन दशम जो, ताको मोर प्रणाम।।

कञ्चन-सी अति दीपति देह, विराजति पङ्कज पै हरि-प्यारी।
स्नान करावत हस्ति-विशेष, त्रिलोचनि मञ्जुल चारु सँवारी।।
देति रहै दुखियान को दान, सदा उर लाय दया अति भारी।
पात्र तिहार करौं यह पान, दया-मयि 'श्रीकमला' सुकुमारी।।१०

*दसवां पात्र स्वीकार कर जगदम्बा की कृपा की अनुभूति प्राप्त करने हेतु उनकी महिमा का गान करे-

देवी दशक

(१)

दीनन को दुःख दौरि दूरि करै एक तू ही, विश्व माहिं दया-वती एक तू भवानी है।
परम उदार तू है देन में सँकोच नाहिं, आँचर उलटि देति ऐसी महा-दानी है।
प्रीति दै कै भक्ति देत अन्त माहिं मुक्ति देत, भक्तन को हित देखे ऐसी महरानी है।
शरण तिहारि गह्यों द्वारि पै पुकारि रह्यों, और को न हेरौं मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(२)

आदि-माया तू ही मातु भ्रम उपजाया तू ही, जगत बनाया तू ही ऐसी राज-रानी है।
कालिका है त्रिपुरा है तारा धूमा तू ही मइया, तू ही दस-रूपा जिन्हें जानैं वर-ज्ञानी हैं।
चण्डिका है अम्बिका है तू ही वरदा कृपाणी तू ही, तू ही सत्य-रूपा अम्ब! तू ही शम्भु-रानी है।
शरण तिहारि गह्यों द्वारि पै पुकारि रह्यों, और को न हेरौं मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(३)

विश्व को प्रपञ्च देखि केते अति घबरात, घर छोड़ि बन जात कितनी नादानी है।
केते रहि तामें लिप्त जियत-मरत रहैं, खुशी होत दुखी होत नाहिं बने ज्ञानी हैं!
भारी भ्रम-जाल माहिं फँसे रहैं आठो याम, जानत न अन्त कहाँ भूले सबै प्रानी हैं!
शरण गह्यो हौं मइया! पार तो लगाव नइया, करत पुकारि मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(४)

रवि माहिं शशि माहिं नखत-समूह माहिं, जहाँ देखो तहाँ मइया! तू-ही-तू समानी है।
स्थावर में जङ्गम में परवत समुद्र माहिं, कोऊ ऐसो ठाउँ नाहिं जहाँ तू न दिखानी है।
सूक्ष माहिं थूल माहिं अणु-परमाणु माहिं, तोर ही लगी है छाप तू ही ठहरानी है।
शरण तिहारि गह्यों द्वारि पै पुकारि रह्यों, और को न हेरौं मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(५)

रवि चलै शशि चलै नखत-समूह चलै, चलत रहत नित जोर-जोर पानी है।
भूमि चलै वायु चलै विश्व माहिं रेला-पेल, चला-चली लखि अणु-गति की कहानी है।
तोर ही प्रसार यह गति-शील जीवन है, गति-हीन काँहि मृत्यु, कविन बखानी है।
शरण गह्यों हौं तोरि माँगौं तोसों कर जोरि, दया करु आय मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(६)

तेरो है प्रकृति-रूप यही एक विश्व सारा, जाको नाहिं आदि-अन्त ऐसी तू भवानी है।
याको कहि मिथ्या चहैं रहिबो विलग दूरि, नास्ति को कहैं सत्य केते अभिमानी हैं।
माया को प्रसाद तेरो विज्ञन को अज्ञता में, राखि करै खेला निज तू ही महा-रानी है।
शरण तिहारि गह्यों द्वारि पै पुकारि रह्यों, दया करु आय मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(७)

एतो बड़ो विश्व तोरि लीला को अनूप रूप, देख जाको होत नाहिं मुग्ध कौन प्रानी है!
चारों ओर बगरो बसन्त ऐसो नित रहै, खग-मृग करत किलोल मन-मानी है।
यामें पाय अपने को कौन ना कृतार्थ होत, जाके अणु माहिं तू-ही-तू समानी है।
शरण तिहारि गह्यों द्वारि पै पुकारि रह्यों, और को न हेरौं मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(८)

तू है सत्य तू है नित्य विश्व हू है सत्य नित्य, बात यह छिपी नाहिं लोगन कै जानी है।
तू है अनन्त तो विश्व हू अनन्त राजै, जानत जहान यह बात हू पुरानी है।
तू है असीम तो विश्व हू असीम दीखै, कहूँ नाहिं भेद कछू शास्त्र हू प्रमानी है।
शरण तिहारि गह्यों द्वारि पै पुकारि रह्यों, और को न हेरौं मोरि तू ही ठकुरानी है।।

(९)

हेतु काहि हितु मानि शुद्धि कर गहि कर, सामुहे तृतीय थापि पूजा चित ठानी है।
मीठे-मीठे मन्त्र पढ़ि यथा-थान मुद्रा मुद्रि, तृप्त करि तृप्त होत जाकी विधि जानी है।
पूजि-अर्चि साधक प्रसाद लेत बार-बार, भक्ति मन माहिं 'तोरि' अति उमगानी है।
जाको देत ऐसो ज्ञान बड़-भागी सोई जन, मो पै तू पसीज मइया! मोरि ठकुरानी है।।

(१०)

तू ही सिद्धि-विद्या मइया तू ही दस महा-विद्या, तू ही नव-चण्डी-मूर्ति बेदन बखानी है।
तू ही तन्त्र तू ही मन्त्र तू ही यन्त्र-राज मइया, तू ही चक्र तू ही पीठ सबमें दिखानी है।
तू ही भुक्ति तू ही मुक्ति तू ही भक्ति अनुरक्ति, तू ही बोध-रूपा जगदम्बिका भवानी है।
शरण तिहारि गह्यों द्वारि पै पुकारि रह्यों, और को न हेरौं मोरि तू ही ठकुरानी है।।

।।फल-श्रुति।।

पढ़ै दशक नित नेम सों, भक्ति-सहित चित लाय। सिद्ध मनोरथ होंय सब, भव-बाधा मिट जाय।।

***

ग्यारहवीं पात्र-वन्दना

अघ-नाशक शान्तिद सुखद, जो सुख-आलय आप्त।
ग्यारह का वन्दन करत, गुरु - सेवा सुख - प्राप्त।।११

*ग्यारहवाँ पात्र स्वीकार कर पात्र-शान्ति कर
'शान्ति-पाठ, वीर-वन्दन, नीराजन' आदि पीछे दी गई विधि के अनुसार करे-

शान्ति-पाठ

फैलि बढ़ै नित शान्ति चहूँ दिशि, मोद-प्रमोद दिखै दिखरावै।
मेल-मिलाप बढ़ै निशि-वासर, क्रूरता भागि छिपै दुरि जावै।।
मातु बनै अनुकूल दया-मय, आपनि जान मया सरसावै।
होंय सुखी सब लोग भली-विधि, दुःख कदापि न रञ्चहु पावैं।।१
मङ्गल लाभ करैं नित साधक, स्वस्थ निरोग सदा दिखरावैं।
बाधक जे ग्रह होंय शुभङ्कर, भावन को दुख मेटि भगावैं।।
लोक-क्रिया सुठि होंय फल-प्रद, जीवन सिद्ध करैं हरषावैं।
होंय सुखी सब लोग भली-विधि, कष्ट कदापि न रञ्चहु पावैं।।२
शान्ति लहैं जड़-जङ्गम-चेतन, जीव समस्त प्रमोद मनावैं।
छाय रहै चहुँ ओर निरन्तर, पूर्ण प्रशान्ति सबै मन-भावैं।।
होय सदैव स-भक्ति प्रपूजन, साधक सुन्दर भाव दिखावैं।
होंय सुखी सब लोग भली-विधि, कष्ट कदापि न रञ्चहु पावैं।।३
कारक विघ्न-प्रतारक दैवत, भूलि कबौं नहिं हाथ उठावैं।
किन्नर यक्ष पिशाच उप-ग्रह, शान्त रहैं नित शान्ति बढ़ावैं।।
साजि महोत्सव सुन्दर व्यापक, सज्जन गायक गीत सुनावैं।
होंय सुखी सब लोग भली-विधि, कष्ट कदापि न रञ्चहु पावैं।।४
विश्व-प्रपञ्च धरे अति सुन्दर, रूप मनोहर छाजन छावैं।
शान्ति-सुधा बरसैं शशि-भास्कर, मङ्गल वाद्य बजैं मन-भावैं।।
साधन होंय सु-सिद्ध फल-प्रद, साधक वन्दन गाय सुनावैं।
होंय सुखी सब लोग भली-विधि, कष्ट कदापि न रञ्चहु पावैं।।५

***

वीर-वन्दन

साधन-सिद्ध प्रवीण कुलज्ञ, सुशील विनीत बड़े उपकारी।
शान्त स्वरूप उदार महान, सुधी अति भावुक श्रेष्ठ पुजारी।।
तन्त्र-विशारद कौलिक भव्य, सु-साधक सङ्गति राखत भारी।
साधक-नायक तोंहि प्रणाम, करौं विधि सौं तुम्हरी बलिहारी।।१

धीर गँभीर सुशील-निधान, प्रमाद-विमुक्त दया उर राखैं।
धर्म-धुरीन तथा कुल-निष्ठ, विनम्र विशेष सदा मृदु भाखैं।।
झूठ न जानत बोलत सत्य, सुखी कुल होय यहै अभिलाखैं।
साधक-नायक तोंहि प्रणाम, उदात्त विचार न भूलिहु भाखैं।।२
घोर निशा लखि होत प्रसन्न, करौ वर-पूजन भाव सँभारे।
पाँचहु तत्त्व भली-विधि पूजि, धरौ नित ही जगदम्ब अगारे।।
शक्तिन वीरन को पुनि अर्चि, प्रसाद गहौ सुठि मन्त्र उचारे।
साधक-नायक तोहिं प्रणाम, करौं विधि-विज्ञ भवानि दुलारे।।३
बैठि मृगासन धारत ध्यान, जपौ निज मन्त्र सु-चित्त लगाए।
मानत केवल कौल-अचार, न जानत अन्य गए कस गाए।।
श्रीगुरु के पद-पङ्कज हेरि, झुकावत शीश प्रमोद बढ़ाए।
साधक-नायक तोहिं प्रणाम, विवेक भरे तुहि एकहि पाए।।४
साधु सुशील सुधी सिर-मौर, सुबोध सुधीर सु-मन्त्र सुनावैं।
मञ्जुल मानव मङ्गल मूर्ति, महा महिमा-मय मातु मनावैं।।
विज्ञ बहुज्ञ विवेचक बुद्ध, विनीत विशेष विशाल बनावैं।
साधक सिद्ध स-भक्ति प्रणाम, सनेह सु-बन्धु सदैव सुभावैं।।५

***

नीराजन

दिव्य प्रकाश दिगन्तन व्याप्त, हरै अँधियार बतावत ज्ञानी।
पावत जानि लहै सुख-मार्ग, भजै तजि मोह वहै जग प्राणी।।
तो सम कौन दया-मयि देवि, दरै दुख-दारिद चित्तहि ठानी।
तोर निराजन भक्ति-समेत, करौं जगदम्ब! दयालु भवानी।।१
साधन में लगि साधक तोहिं, रिझावत भाँतिन भाँति बखानी।
स्थान शरीरहु द्रव्य विशोधि, तथा वर मन्त्रहु इष्ट सयानी।।
या विधि साधत चित्त लगाय, लहै वरदान बनै जन ज्ञानी।
तोर निराजन भक्ति-समेत, करौं जगदम्ब! दयालु भवानी।।२
चौंसठ लै उपचार विशेष, करैं नित पूजन जे जन ज्ञानी।
वन्दन गाय सुनाय रिझाय, बढ़ावत भाव तुम्हैं उर आनी।।
पाँचहु तत्त्वन सों सुठि अर्चि, करैं तुहि तुष्ट सदा चित ठानी।
तोर निरांजन भक्ति-समेत, करौं जगदम्ब! दयालु भवानी।।३
मातु दया-मयि देवि प्रसीद, पुकारत भक्त तुम्हैं उर आनी।
दुःख-निकन्दनि अम्ब प्रसीद, प्रसीद करालिनि चण्डि मृडानी।।

आर्त्त-हरे अति शीघ्र प्रसीद, प्रसीद शुभङ्करि श्रीठकुरानी।
तोर निराजन भक्ति-समेत, करौं जगदम्ब! दयालु भवानी।।४
चारु चरित विचित्र पवित्र, बतावत गावत ध्यावत प्रानी।
तोरि बहोरि करोरि चिरौरि, करै कर जोरि सुनाय कहानी।।
आनँद सों हिय होत प्रपूर्ण, मिलै जब तोरि कृपा रस-सानी।
तोर निराजन भक्ति-समेत, करौं जगदम्ब! दयालु भवानी।।५

***

किङ्किणी स्तोत्र

तेरी याद मात्र से होते, सारे दुःख आप ही दूर।
तेरी पूजा के करने से, सिद्धि हाथ लगती भरपूर।।
तेरे ध्यान-भजन से सत्वर, मिल जाती है कीर्ति ललाम।
जननी धन्य भाग्य है उसका, जो जपता है तेरा नाम।।१
तेरी कृपा-दृष्टि से सारे, भय विह्वल हो जाते भाग।
तेरी पूजा मङ्गल-कारी, मिलता फल जैसा अनुराग।।
विनती करने से इच्छाएँ, फली- भूत सब होती हैं।
आधि-व्याधियाँ इधर-उधर सब, जा-जा करके रोती हैं।।२
परमानन्द ज्ञान-सागर तू, तेज-रूप तेरा है भव्य।
तेरे चरणों पर सिर रखना, सब देवों का पुनीत कर्तव्य।।
ऋद्धि-सिद्धि सब सत्ता तेरी, तू ही करती है उत्पन्न।
पालन और विनाश सभी का, करती तू ही है सम्पन्न।।३
तीनों गुण तुममें हैं सुन्दर, तू भक्तों को प्यारी है।
दिव्य मूर्तिवाली हे माता, विनती एक हमारी है।।
मुझ जैसे साधारण जन की, पूजा जो कुछ है माता।
ग्रहण कीजिए दया दिखाकर, तू है त्रिभुवन की त्राता।।४
तीनों तापों से पीड़ित हूँ, व्याकुल तेरी शरण पड़ा।
तेरे सम्मुख भक्ति-भाव से, करता विनती दास खड़ा।।
नहीं अन्य का नाम कभी भी, कहूँ-सुनूँ या याद करूँ।।
और न तो विनती ही कुछ भी, या चिन्तन ही कभी करूँ।।५
एक-मात्र तेरे चरणों की, लगन लगी मुझको रहती।
देकर सिद्धि करो रक्षा माँ, एक यही मेरी विनती।।
नहीं जानने के कारण से, या प्रमाद-वश बिना विचार।
होकर विकल अधिक या थोड़ी, की पूजा मन में निरधार।।६

इन त्रुटियों को दया दिखाकर, कर दे क्षमा यही बस जान।
अज्ञ पूर्ण हूँ नहीं ज्ञान कुछ, हूँ अजान लेना यह मान।।
न तो यहाँ पूजा- सामग्री, न तो क्रिया का नाम कहीं।
श्रद्धा का अभाव पूरा है, कहता हूँ सब सही-सही।।७
मन्त्र-रहित की सारी पूजा, नहीं छिपी यह तुमसे बात।
छोटी-बड़ी सभी त्रुटियों को, करना क्षमा तुझे है ज्ञात।।
जो कुछ काम किया है मैंने, हो महान चाहे थोड़ा।
मत विचार करना तुम इसका, बढ़िया है या है भोंड़ा।।८
अपनी कुछ पुष्पों की अञ्जलि, यह अर्पित बस करता हूँ।
तेरे विमल पाद-पद्मों में, सिर अपना मैं रखता हूँ।।
माता! बस अब कृपा कीजिए, दास लीजिए अपना मान।
यही कामना केवल मेरी, शीघ्र दीजिए अपना ध्यान।।९

पुष्पाञ्जलि

देखि लजैं मुख कोटिन चन्द्र, प्रभा लखि सूर्य रहैं मुँह डारे।
सुन्दरता झपि जाति विलोकि, रहौ अस रूप सदैव सँवारे।।
शम्भु विरञ्चि तथैव उपेन्द्र, करैं पद-वन्दन आय दुवारे।
श्रीपद-कञ्जनि में कुसुमालि, समर्पित है जगदम्ब! तिहारे।।१
ताप त्रिताप विनासति आपु, दया उर लाय हरौ दुःख सारे।
ज्ञान प्रदान करौ धरि ध्यान, रहौ हित भक्तन को चित धारे।।
देवन में तुम एक दयालु, निजी जन तोहिं सदैव दुलारे।
श्रीपद-कञ्जनि में कुसुमालि, समर्पित है जगदम्ब! तिहारे।।२
विश्व-विधान अमेय महान, रहौ निशि-वासर ताहि सँभारे।
कैसिहु भूल न होन हौ देति, करावत कारज चौकस सारे।।
खेल तिहार अनन्त अपार, न बूझत ब्रह्म सुरेन्द्रहु हारे।
श्रीपद-कञ्जनि में कुसुमालि, समर्पित है जगदम्ब! तिहारे।।३
तत्त्व-परे तुम नित्य अरूप, कहैं गुरु लोग विचारि हमारे।
पै हम जानत मानत तोहिं, रहौ नित नूतन रूप सँवारे।।
भक्तन को चित दै वर देति, करौ निर्भीक बनाय दुलारे।
श्रीपद-कञ्जनि में कुसुमालि, समर्पित है जगदम्ब! तिहारे।।४
ज्ञान-मयी तुम सुन्दर रूप, भजैं बस तोहिं सदा कुल-वारे।
वत्सल भक्तन को नहिं और, रहैं बस केवल तोर सहारे।।
तू जननी जननी बस एक, तुम्हैं बस एक दुखी-जन प्यारे।
श्रीपद-कञ्जनि में कुसुमालि, समर्पित है जगदम्ब! तिहारे।।५

***

'कौल-कल्पतरु' पं० देवीदत्त शुक्ल जी द्वारा संग्रहीत प्राचीन

वैदिक पात्र-वन्दना

ब्रह्माण्ड-मण्डलाकारं, पात्रं नौमि परं सुधाम्।
सुधया पूरितं साक्षात्, आयुर्वित्तं प्रयच्छ मे।।
ॐ इदं ते पात्रं सनबित्तमिन्द्र, पिव सोममेना शत-क्रतो!
पूर्ण आहावो मदिरस्य मध्वोऽयं, विश्व इदभिहर्यन्ति देवाः।।
कुं कुण्डलिनी-मुखे जुहोमि स्वाहा ।।१

द्वितीये त्रिपुरा-पात्रे, शिवोऽहं परि-चिन्तयेत्।
दहन्ति सर्व-पापानि, रुद्र-रूपः प्रजायते।।
ॐ हिरण्य-पात्रं मधोः पूर्णं, ददाति मेधव्यो मानिति एकधा।
ब्रह्मण अपहरति एकं चैव, यजमान आयुस्तेजो दधाति।।
कुं कुण्डलिनी-मुखे जुहोमि स्वाहा।।२

तृतीये भैरवे पात्रे, वीर-वेशो महा-हरिः।
दुरितं विलयं यान्ति, रक्षां कुर्वन्ति सर्वदा।।
ॐ श्रावयेदस्य कर्णा वाज-मेध्यै, जुष्टामनु प्रदिशं मन्द-मेध्यै।
उद्वा जुषाणो राधसे हविष्मान्, करत्र इन्द्रः सुतीर्था भयं च।।
कुं कुण्डलिनी-मुखे जुहोमि स्वाहा।।३

चतुर्थे सोम-पात्रे तु, चन्द्र-सूर्यौ विचिन्तयेत्।
समुद्राः शोषिताः सर्वे, सुखं तिष्ठन्ति केवलम्।।
ॐ आर्द्रं ज्वलति ज्योतिरहमस्मि, ज्योतिर्ज्वलति ब्रह्माहमस्मि।
योऽहमस्मि ब्रह्माहमस्मि, अहमस्मि ब्रह्माहमस्मि।।
अहमेवाहं मां जुहोमि स्वाहा।। कुं कुण्ड०।।४

गणेशं पञ्चमं पात्रं, सिद्धि-मुक्ति-प्रदायकम्।
गन्ध-पुष्पार्चितं कृत्वा, गङ्गया कृत-निर्मलम्।।
ॐ जात-वेदसे सुनवाम, सोममरातीयतो नि दहाति वेदः।
स नः पर्षदति दुर्गाणि, विश्वानावेव सिन्धुं दुरितात्यग्निः।।
अहमेवाहं मां जुहोमि स्वाहा।। कुं कुण्ड०।।५

षष्ठं चैवाग्नि-पात्रं तु, मूल-मन्त्राभिमन्त्रितम्।
भस्मी करोतु शत्रूणां, पुत्र-पौत्रादि-वर्द्धनम्।।
ॐ आ कलशा अनूषतेन्दो धाराभिरोजसा।
ऐन्द्रस्य पीतये विश।। कुं कुण्ड०।।६

सप्तमे सागराः सप्त, सप्त-द्वीपा वसुन्धरा।
सप्त व्यवर्तते पुण्यं, अधिष्ठानं करोति च।।
ॐ यस्य ते मद्यं रसं तीव्रं दुहन्त्यद्रिभिः।
स पवस्वाभि मातिहा।। कुं कुण्ड०।।७

अष्टमेऽष्ट-महा-सिद्धिः, नव-निधिः प्रजायते।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्राश्च, सेवितां भुक्ति-भाक् भवेत्।।
ॐ आप्यायस्व समेतु मे, विश्वतः साम वृषण्यम्।
भवा वाजस्य सङ्गथे।। कुं कुण्ड०।।८

नवमे नव-दुर्गास्तु, नव-नाथस्तु संस्तुतम्।
भुक्ति-मुक्ति-प्रदं लोके, सायुज्यं च स-लोकताम्।।
ॐ मधु-वाता ऋतायते, मधु क्षरति सिन्धवः। माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।।
मधुनक्तमुतोषसो, मधु-मत्-पार्थिवं रजः। मधु-द्यौरस्तु नः पिता।।
मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमान् अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।।
कुं कुण्डलिनी-मुखे जुहोमि स्वाहा।।९

पात्र-वन्दना
(कुण्डलिनी-जागरण)

इदन्ता पात्र - सम्भूतमहन्ता परमामृतम्।
पराऽहन्ता-मये वह्नौ, जुहोमि शिव-रूपिणि!।।

'चक्र-पूजा' के स्तोत्रों को पहले-पहल संग्रहीत कर प्रकाशित करनेवाले

'कौल-कल्पतरु'
पं० देवीदत्त शुक्ल

'कुल-भूषण'
पं० रमादत्त शुक्ल

स्वात्म-मूल-त्रिकोणस्थे, कोटि-सूर्य-सम-प्रभे!
कुण्डल्याकृति-चिद्-रूपे, हुनेद् द्रव्यं स-मन्त्रकम्।।

प्रकाशक : श्रीऋतशील शर्मा, श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-६ ०९४५०२२२७६७